अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

सिन्धी बन्धु

Website - http://www.sindhibandhu.com
We are available at
गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका
E-mail: sindhibandhu@yahoo.in
E-mail: sindhibandhu@gmail.com
अधिष्ठापक तंत्री - हरिश भागवाणी
वर्ष *25 अंक 08 * दिनांक 15-09-2018 * संपादक: रेशमा भागवाणी * सहसंपादक : निर्मल भागवाणी * पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9429518141
मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

डॉलर के मुकाबले रुपया 72.91 के निचले स्तर पर पहुंचा, 9 महीने में 14% गिरावट; क्रूड महंगा होने से दबाव



	जनवरी 2018 जब रुपया 63 पर था	सितंबर 2018 रुपया 72.90 पर है	खर्च कितना बढ़ा
पढ़ाई	22,000 डॉलर की फीस के लिए 13.86 लाख रुपए देने पड़ते थे	22,000 डॉलर की फीस के लिए 16.03 लाख देने पड़ेंगे	2.17 लाख रुपए
होटल किराया	160 डॉलर के लिए 10,080 रुपए चुकाने पड़ते थे	160 डॉलर के लिए 11,664 रुपए चुकाने पड़ेंगे	1,584 रुपए

मुंबई. डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट थम नहीं रही। बुधवार को यह 22 पैसे कमजोर होकर 72.91 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, मिडसेशन में रिकवरी आ गई। रुपया मंगलवार को 24 पैसे गिरकर 72.69 पर बंद हुआ था। कच्चा तेल महंगा होने और शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली से रुपए पर दबाव बढ़ा। आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक पूरी कोशिश कर रहे हैं कि रुपए की कीमत हद से ज्यादा न गिरे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का रेट बुधवार को 2% बढ़कर 79.34 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। उधर, अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वॉर तेज होने के आसार हैं। इससे भी करंसी बाजार में दबाव बढ़ा।

रुपए में गिरावट के 5 असर: पहला- तेल कंपनियों पर दोहरी मार पड़ेगी। उनके लिए क्रूड का इंपोर्ट महंगा हो जाएगा। इससे पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ेंगे। दूसरा- विदेशी कर्ज चुकाने के लिए सरकार ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ेगी। तीसरा- विदेशों में पढ़ाई और घूमने-फिरने का खर्च बढ़ेगा। क्योंकि, करंसी एक्सचेंज के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। चौथा- गिरावट बढ़ने पर आरबीआई ब्याज दरों में इजाफा कर सकता है। अक्टूबर में आरबीआई मौद्रिक नीति की समीक्षा करेगा। पांचवा- आईटी और फार्मा कंपनियों को रुपए की गिरावट से फायदा होगा। क्योंकि, इनका ज्यादातर कारोबार एक्सपोर्ट पर आधारित है। इस साल आईटी और फार्मा कंपनियों के शेयरों में इसी वजह से तेजी आई। डॉलर के मुकाबले इस साल दुनियाभर की मुद्राओं में गिरावट आई। लेकिन, एशिया में भारतीय रुपए का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। जनवरी से अब तक रुपया 14% गिर चुका है।

जम्मू-कश्मीर: सुरक्षाबलों ने दो मुठभेड़ों मे पांच आतंकी किए ढेर, काकरियाल में घर में घुसकर मांगे थे बिस्किट और सेब

श्रीनगर. सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को दो अलग-अलग जगहों पर हुई मुठभेड़ में पांच आतंकियों को मार गिराया। जम्मू के काकरियाल में तीन आतंकी ढेर हुए हैं। 12 जवान जख्मी हुए। आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। मुठभेड़ के पहले आतंकी रेयासी में एक घर में घुसे थे। यहां उन्होंने बिस्किट और सेब मांगकर खाए थे। वहीं, सुरक्षाबलों ने बारामूला के सोपोर में दो आतंकियों को मार गिराया।

काकरियाल मुठभेड़ : मेजर जनरल अरविंद भाटिया ने बताया कि ट्रक पर सवार तीन आतंकियों ने बुधवार को उधमपुर के झज्जर-कोटली चेकपोस्ट पर हमला कर दिया था। इसमें एक सीआरपीएफ जवान और फॉरेस्ट गार्ड जख्मी हुआ था। सुरक्षाबलों ने बुधवार को ही आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था। आतंकियों ने हाल ही में सांबा, बोबियां अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ की थी। इनकी मदद एक ट्रक ड्राइवर ने की थी। पुलिस ने वह ट्रक बरामद कर लिया है, जिससे आतंकी रेयासी तक आए थे।

सोपोर मुठभेड़ : पुलिस के मुताबिक, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद गुरुवार सुबह सोपोर के चिंकीपोरा में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। उसी दौरान आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 2 आतंकी ढेर हो गए।

2016 में ट्रम्प के चुनाव जीतने के बाद सुंदर पिचाई ने कहा था- गूगल में डर का माहौल

वॉशिंगटन. गूगल के टॉप एग्जीक्यूटिव की बातचीत का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो 2016 में डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद का है। वीडियो में गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के प्रेसिडेंट सर्गेई ब्रिन, चीफ एग्जीक्यूटिव सुंदर पिचाई प्राइवेट मीटिंग में स्टाफ से बात कर रहे हैं। इसमें पिचाई ने कहा था कि ट्रम्प की जीत की वजह से गूगल में डर का माहौल है। गूगल की वाइस प्रेसिडेंट (पीपुल ऑपरेशन) इलीन नॉटन ने बताया कि ट्रम्प के राष्ट्रपति चुने जाने के पहले गूगल के एग्जीक्यूटिव्ज ने अप्रवासी कर्मचारियों को नई सरकार के नियमों के बारे में बताया था।

'ट्रम्प का कद घटाने की कोशिश': गूगल के एग्जीक्यूटिव्ज की बातचीत का वीडियो ब्रीटबर्ट न्यूज ने जारी किया। रिपब्लिकंस का कहना है कि गूगल ट्रम्प को कमतर दिखाने की कोशिश कर रहा है। कुछ अफसरों ने मामले की जांच कराने का भी सुझाव दिया। डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर ने ट्वीट किया- सर्च की जा रही चीजों पर उनका (गूगल) का 91% नियंत्रण रहता है। वे ही तय करते हैं कि लोग क्या देखें। अगर ये मोनोपॉली नहीं है तो फिर क्या है?

'मामले की जांच हो': ट्रम्प के कैंपेन मैनेजर ब्रेड पार्स्केल ने कहा- गूगल को स्पष्टीकरण देना चाहिए कि इसे (वीडियो को) देश के लिए धमकी क्यों न माना जाए? पार्स्केल ने ट्वीट किया- संसद में सुनवाई हो, जांच हो।

गूगल की प्रवक्ता रीवा श्यूटो ने जवाब में कहा- 20 सालों से गूगल की मीटिंग में कोई भी अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र है। दो साल पहले की मीटिंग में भी कुछ गलत नहीं कहा गया। हमारे प्रति कोई गलत राजनीतिक धारणा न बनाई जाए।

मोदी ने कहा- कांग्रेस आईसीयू में, खुद को बचाने के लिए विपक्षी दलों के सपोर्ट सिस्टम पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस आज आईसीयू में है। वह विभिन्न दलों के सपोर्ट सिस्टम से खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए महागठबंधन बना रही है।

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नरेंद्र मोदी ऐप के जरिए बात की। उन्होंने कहा कि यह महागठबंधन गांठों का बंधन नहीं है। यह अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए कुछ अवसरवादी लोगों का गठजोड़ है। जब कोई आईसीयू में होता है, तब उसे सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है, ताकि उसे बचाया जा सके। कांग्रेस को भी इसी तरह का सपोर्ट सिस्टम लगाने का प्रयास हो रहा है।

भाजपा की आंधी से मजबूर विपक्ष: प्रधानमंत्री ने कहा- "कांग्रेस आज कुछ दलों का सहयोग जुटाने में लगी हुई है, जबकि मध्यप्रदेश के अपने महाधिवेशन में उसने कहा था कि वह किसी के साथ समझौता नहीं करेगी। सवाल है कि आज इसकी जरूरत क्यों पड़ रही है? असल में भाजपा की आंधी ने विपक्षी दलों को एक-दूसरे को पकड़ कर रखने को मजबूर कर दिया है, वरना वे इसमें उड़ जायेंगे। विपक्षी दलों में खुद पर भरोसा न रख पाने का भाव उत्पन्न हो गया है।"

राष्ट्रपति ने जस्टिस रंजन गोगोई को सुप्रीम कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया, 3 अक्टूबर को लेंगे शपथ

नई दिल्ली. नई दिल्ली. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुवार को जस्टिस रंजन गोगोई को सुप्रीम कोर्ट का अगला चीफ जस्टिस नियुक्त कर दिया। जस्टिस गोगोई 3 अक्टूबर को 46वें चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ लेंगे। वे इस पद पर 17 नवम्बर 2019 तक रहेंगे। मौजूदा चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा 2 अक्टूबर को रिटायर हो रहे हैं। इस दिन गांधी जयंती का अवकाश रहेगा। इस वजह से एक अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में उनका अंतिम कामकाजी दिन होगा।

इससे पहले सितंबर में चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखकर जस्टिस गोगोई के नाम की सिफारिश की थी। जस्टिस गोगोई फिलहाल जजों के वरिष्ठता क्रम में सबसे आगे हैं।

संपादकीय

प्रधानमंत्री आवास योजना क्या है? लाभ लेने के लिए ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

ई दिल्ली. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन को मंजूरी दे दी है। केंद्र की महत्वाकांक्षी आवास योजना के लिए अब शहरों में रहने वाले गरीब लोग जिनके पास घर नहीं है ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहर के लिए ऑनलाइन आवेदन 2018 में भी खुले हुए हैं और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लिए आवेदन कर सकता है।

जरूरी दस्तावेज और फीस आवेदन करने के लिए आधार क्रमांक और पासपोर्ट साइज के दो फोटो जरूरी हैं। योजना के आवेदन के लिए जन सुविधा केंद्र द्वारा 25 रुपये की फीस ली जाएगी। आवेदन करने के बाद आवेदक को एक रशीद दी जाएगी जिस पर आवेदक का फोटो होगा और आवेदन क्रमांक लिखा होगा। आवेदन क्रमांक हर एक आवेदक के लिए अलग होगा जिसके जरिए आवेदन की स्थिति पता की जा सकेगी।

आवेदन की स्थिति ऐसे पता करें

आवेदन की स्थिति पता करने की प्रक्रिया जानने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें। https://pmaymis.gov.in/Track_Application_Status.aspx

या आधिकारिक वेबसाइट pmaymis.gov.in पर जाएं।

ऐसे कर सकते हैं आवेदन

स्टेप 1. प्रधान मंत्री आवास योजना के लिए आधिकारिक वेबसाइट pmaymis.gov.in इस लिंक के माध्यम से वेबसाइट पर जाएं।

स्टेप 2. यहां मेनू में "Citizen Assessment" के लिंक पर क्लिक करें। अगर आप अभी किसी स्लम (गन्दी बस्ती) में रहते हैं तो "For Slum Dwellers" पर क्लिक करें अथवा "Benefit Under Other 3 Components" पर क्लिक करें।

स्टेप 3. अब आपको अगली स्क्रीन दिखाई देगी। इसमें अपना आधार नंबर भरना है और "Check" पर क्लिक करना है।

स्टेप 4. यदि आपका आधार नंबर सही है तो आपके सामने नीचे दिए गए फोटो के समान एक आवेदन पत्र खुलेगा जिसमें आपको अपनी सभी जानकारी भरनी होगी और सबसे नीचे दिए गए "Submit" सुरक्षित, बटन पर क्लिक करना होगा। यदि आधार नंबर गलत है तो आप दोबारा सही आधार नंबर भरकर कोशिश करें।

स्टेप 5. "Submit / सुरक्षित" बटन पर क्लिक करने के बाद आपकी स्क्रीन पर एक आवेदन क्रमांक दिया जाएगा, जिसे आप प्रिंट कर सकते हैं। इस आवेदन क्रमांक को कहीं भी लिख लें ताकि भविष्य में आप अपने आवेदन की स्थिति पता कर सकें।

कौन ले सकता है योजना का लाभ? 1. ऐसे लोग जिसके पास पहले से घर है या जिसके पारिवारिक सदस्य का कोई घर है, वह इस योजना का लाभ नहीं उठा सकता।

2. आवेदक या उसके परिवार का पक्का घर नहीं होना चाहिए और वह भारत सरकार की किसी आवास योजना के तहत कोई लाभार्थी भी नहीं होना चाहिए।

3.योजना के तहत पति, पत्नी और अविवाहित बेटे, बेटियां परिवार में शामिल हैं। किसी तरह के फर्जीवाड़े की आशंका नहीं रहे, इसके लिए आवेदन फॉर्म में पारिवारिक सदस्यों का आधार नंबर देना जरूरी है।

4. कमाई करने वाले किसी विवाहित या अविवाहित अडल्ट मेंबर को अलग परिवार माना जा सकता है। बशर्ते उसके नाम पर देशभर में कहीं कोई पक्का मकान नहीं हो। योजना का लाभ यह लोग उठा सकते हैं।

5. पक्के मकान वाले माता-पिता का/की कमाऊ बेटा/बेटी भी PMAY का लाभ ले सकता है, बशर्ते खुद उसके नाम पर कोई पक्का मकान नहीं हो।

प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

भारतीय सिंधु सभा(म.प्र) एवं सिंधी मेला समिति द्वारा शिक्षा कला एंव सांस्कृतिक क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ९ सितंबर आज रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रात: ११ बजे से रवीन्द्र भवन भोपाल में किया जा रहा है प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान ही सैकड़ो विद्यार्थियों का सम्मान किया । वर्ष २०१७-१८ की विभिन्न परिक्षाओं में १०वीं में ९० प्रतिशत व कक्षा १२वीं में ८५ प्रतिशत हासिल करने वाले सिंधी समाज के छात्र छात्राओं का सम्मान किया। इसके अलावा प्रदेशस्तर पर साहित्य, कला, खेल इत्यादी विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष भगवानदास सबनानी ने बताया कि समिति प्रतिवर्ष प्रतिभाओं का सम्मान करती है इस वर्ष भी प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। लगभग ५०० प्रतिभाओं का सम्मान इस दौरान किया । इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कोटवानी, प्रदेश महामंत्री गुलाब ठाकुर, मेला समिति महासचिव घनश्याम पंजवानी उपस्थित । इस आयोजन के दौरान ही शिक्षाविद् लेखक एंव साहित्यकार स्व खियलदास बेगवानी फानी तथा शिक्षाविद व समाज सेविका स्व दादी गोपी दौलतानी की स्मृति में शिक्षा, कला वं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली समाज की दो विभूतियों को भी सम्मानित किया । सम्मान समारोह से पूर्व प्रदेश स्तर से सिंधी समाज के छात्र छात्राओं से जानकारी एकत्रित करने का कार्य लगातार किया गया था।

मुख्यमंत्री ने एशिया के सबसे विशाल बडा गणेशजी के दर्शन किए

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने गणेशोत्सव के पावन पर्व पर आज वडोदरा में बडा गणेशजी और प्राचीन शिवस्वरूप जागनाथ महादेव के दर्शन कर धन्यता का अनुभव किया। उन्होंने भगवान गणेशजी से प्रार्थना करते हुए कहा कि वह देश और गुजरात को एक-अखंड और सुखी रखें तथा समाज की एकता को तोड़नेवालों को हतोत्साहित कर परास्त करें। उन्होंने राज्य की जनता को गणेशोत्सव और संवत्सरी के पवित्र त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। संवत्सरी पर सभी से मिच्छामी दुक्कड़म की भावना व्यक्त की। गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र त्रिवेदी भी उनके साथ उपस्थित रहे।

श्री रूपाणी ने प्राचीन जगनाथ महादेव मन्दिर के प्रांगण में विधायक श्री योगेशभाई पटेल के नेतृत्व वाली सत्यम शिवम सुन्दरम समिति स्थापित एशिया की सबसे विशाल बडा गणेशजी के भक्तिभावपूर्वक दर्शन किए। उल्लेखनीय है कि संगमरमर की 28 टन की अखंड और विराट शिला में से सवा ग्यारह फिट की यह विशाल प्रतिमा राजस्थान के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार की गई है।

स्थापकों का दावा है कि यह इस प्रकार की एशिया की सबसे विराट प्रतिमा है।

गणेशजी के दर्शन से भावविभोर हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए विधायक श्री योगेशभाई पटेल और उनके साथी बधाई के पात्र हैं।

विधानसभा अध्यक्ष के साथ उन्होंने गणेशयाग में भाग लेकर गजानन महाराज की आराधना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व लोकमान्य तिलकजी ने गणेशोत्सव को देशव्यापी उत्सव बनाया था और इस भव्य परम्परा की शुरुआत की थी। देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को अपूर्व प्रोत्साहन दिया था जो आज भी यथावत है और आगे बढ़ रही है। गणेश चतुर्थी पर दर्शन के मग्ल लाभ पर उन्होंने आनन्द जताया और महाराजा सयाजी राव द्वारा स्थापित कला और सांसकृतिक परम्पराओं को स्मरण किया।

विधायक श्री योगेशभाई पटेल ने जागनाथ शिवालय के द्वार पर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और महानुभावों का शानदार स्वागत किया।

उनके साथ सांसद श्रीमती रंजनबेन भट्ट, मेयर डॉ. जिगिशाबेन शेठ, डेप्युटी मेयर डॉ. जीवराज चौहाण सहित वडोदरा महानगरपालिका के पदाधिकारी,नगर सेवक, सत्यम शिवम सुन्दरम समिति के ट्रस्टी, मनपा आयुक्त श्री अजय भादु, पुलिस कमिश्नर श्री अनुपमसिंह गहलोत, कलक्टर श्रीमती शालिनी अग्रवाल सहित कई उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

बेचर स्वामी स्थानक विकास के लिए मुख्यमंत्री का अभिवादन

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से गत 15 अगस्त को बेचर स्वामी स्थानक के विकास के लिए 3 करोड़ रुपए आवंटित करने की घोषणा की थी। इसी सन्दर्भ में आज सेनवा समाज सहित अन्य जाति- वर्गों ने उनका गांधीनगर में अभिवादन किया।

इस अभिवादन का प्रतिभाव देते हुए श्री रूपाणी ने कहा कि यह आवंटन वोटों या राजनीति के लिए नहीं है वरन भविष्य के भारत की सामाजिक एकता, अखंडता और सभी वर्गों के कल्याण के लिए किया है।

उन्होंने कहा कि वीर मेघमाया या बेचर स्वामी किसी एकाध समाज- जाति के नही बल्कि समग्र समाज वर्गों की सेवा के लिए कार्यरत थे।

हमारे प्रत्येक समाज के संतों-शूरवीरों का इतिहास देश के लोगों के हृद्य के साथ जुड़ा हुआ है। सरकार का यह प्रयास है कि भावी पीढ़ियों में भी यह इतिहास उजागर हो।

कुबेरनगर में जूलेलाल सेवा फाउंडेशन की ओर से अदभी मूशक

ता 2/9/2018 को महालक्ष्मी मंदीर ऐम जी स्कूल के पास जी वोरड कुबेरनगर में जूलेलाल सेवा फाउंडेशन की ओर से अदभी मूशक सिंधी समाज के विभिन्न क्षेत्रों के शायरों और कलाकारों को पुरस्कृत करने हेतु एक बेठक रखी गई में करीब 20 शायरों ने हीसा लिया और आऐ हूऐ महमानो ने सरहना रुपी प्रवचन कहे प्रोग्राम समाप्ति पर चाय ओर नाश्ते की मोज रही और सभी महमानो शायरों को छोटी सी भेंट अर्पित की गई उसकी कुछ तस्वीरें |

सिंधी वीडियो ऑनलाइन देखने का बेहतरीन जरिया – सिंधी प्रोग्राम्स

हम सभी जानते हैं की कुछ समय पहले SKTV द्वारा एक सिंधी चैनल सेटेलाइट पर चलाई गई थी पर किसी वजह से उसे बंद करना पड़ा, पर उस समय एक व्यक्ति ने अपनी पूरी कोशिश चालू रखी की जिससे सिन्धियत की दें आगे की पीढयों को भी मार्गदर्शन देती रहे, जी उनका नाम हैं राम अमरनानी।

श्री राम अमरनाणी जी ने तभी भी दूरदर्शिता दिखाई थी और उन्होंने youtube पर एक चैनल चालू की जिसका नाम हैं "सिंधी प्रोग्राम्स"(Sindhi Programs)। और साथ ही उन्होंने GTPL पर "SINDHITV " चैनल को स्थापित किया, जो आज भी GTPL नेटवर्क पर चैनल नो. 565 पर चल रहा हैं.

इनके youtube चैनल की विख्याति इस बात से लगाई जा सकती हैं की सायद ही भारत में कोई सिंधी youtube चैनल के पास इतने सब्सक्राइबर्स और वीडियो होंगे।

40000 के करीब एक्टिव सब्सक्राइबर और 2000 से भी ज्यादा सिंधी वीडियोस का सोर्स हैं.

हमें भी चाहिए की इनके नेक काम में हम भी सब्सक्राइब करके अपना कुछ योगदान दे।

और श्री राम जी ने एक और नयी चैनल शुरू की हैं जिसका नाम हैं SKTV SINDHI .

आप अपने वीडियो और सजेशन उनको मेल कर सकते हैं sindhitv@rediffmail.com

साईं परसराम लाल और श्री जगदीश भाईसाहब की अध्यक्षता में पूज्य चालीहो साहिब शांतिनगर जुलेलाल मंदिर में

साईं परसराम लाल और श्री जगदीश भाईसाहब की अध्यक्षता में जुलेलाल मंदिर शांतिनगर में चालिहा साहिब और बहरना साहेब के कार्यक्रम रखे गए थे, और उसमे आगे के कार्यक्रम कुछ इस प्रकार हैं ।

15-09-2018 को मटकी पूजा - शाम को 5 से 8 मदिर में सत्संग और रात को 8 से 11 मटकी पूजा की जाएगी |

16-09-2018 को पलव साहिब - सुबह 10 से 1 बहेराणा रहिब और 2 बजे से चलिहे साहिब की ज्योत और बहेराणा साहिब की सवारी नदी में परवान कर व्रत की समाप्ति की जाएगी

Sindhi Songs - Sindhi Lada - Sindhi Satsangs - Sindhi Sufi Kalaams - Sindhi Bhagat - Sindhi Plays - Sindhi Dramas - Sindhi Films - Sindhi Bhajans - Sindhi Cultural Programs - Sindhi Interviews - Sindhi Dance - Sindhi Instruments

India's Largest YouTube Channel

Sindhi Programs

Link: www.YouTube.com/SindhiPrograms

40,000+

Subscribe

&

2,000+
Sindhi Videos

SKTV Sindhi

Link: www.YouTube.com/SktvSindhi

Subscribe & enjoy watching Ultimate Sindhi programs

Run By: RAM AMAR

Founder Of Sindhi Tv On GTPL Network &
Ex-Chief Editor, Sindhi Kachchhi Television

E-mail: sindhitv@rediffmail.com

Sindhi Songs - Sindhi Lada - Sindhi Satsangs - Sindhi Sufi Kalaams - Sindhi Bhagat - Sindhi Plays - Sindhi Dramas - Sindhi Films - Sindhi Bhajans - Sindhi Cultural Programs - Sindhi Interviews - Sindhi Dance - Sindhi Instruments

सिंधी समाज के उच्चशिक्षा प्राप्त युवक-युवती सम्मलेन

नागपुर, पूज्य समध आश्रम व् सिंधी सोशल फोरम के सयुंक्त तत्वावधान में रविवार 25 नवम्बर को आयोजित शिक्षा प्राप्त सिंधी युवक युवती परिचय सम्मलेन की प्रथम बैठक पूज्य समाधा आश्रम जरीपटका नागपुर में की गई हैं. सभा के मंच पर अध्यक्ष पेशुराम, मोहन मंजानी, श्री दर्शनलाल, श्री राम छंगानी, शंकरलाल रंगानी उपस्थित थे| यह परिचय सम्मलेन उच्चशिक्षा प्राप्त युवक युवतियों के लिए रखा गया हैं | इस परिचय सम्मलेन में भाग लेने हेतु आवेदन की रख्री तारीख 14/11/18 निश्चित की गई हैं. आवेदन के इच्छुक पूज्य समाधा आश्रम फ़ोन नंबर - 0172-2631498 पर सुबह 11 से 1 व् शाम 8 से 9 व् सिंधी सोशल फोरम 0172-2632477 पर सुबह 8 से 10 व् शाम 7.30 से 9 बजे तक संपर्क कर सकते हैं.

इस परिचय सम्मलेन मैं डॉक्टर, इंजिनियर, आर्किटेक्ट, पी.एच. डी., एम.फिल., एम.एड, पीजीडीसीऐ, सीए, सीएस, आइसीडब्लूए, पीजीडीएम, एमसीए, एमएमएम, एमबीए, बीफार्म, एमफार्म, एलएलबी, एलएलएम, होटल मैनेजमेंट, एमएस, एम.ए, एम काम, एमएससी, बी. एड, एम एड के पदवीधारक युवक-युवतियों के लिए रखा गया हैं |

राफेल और एस-400 मिसाइल खरीदने के बाद भी चीन-पाक से निपटना आसान नहीं

एयरचीफ मार्शल बीएस धनोआ ने बुधवार को कहा कि फाइटर प्लेन राफेल और रूस के मिसाइल डिफेंस सिस्टम से देश की लड़ाकू क्षमता बढ़ेगी। सरकार का फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का फैसला सही है। धनोआ के मुताबिक, "उच्च क्षमता से लैस राफेल फाइटर इसलिए जरूरी है क्योंकि हमारा मध्यम तकनीकी क्षमता वाला तेजस अकेले सुरक्षा नहीं कर सकता।''
उन्होंने यह भी कहा कि यदि भारत के पास लड़ाकू विमानों के 42 स्क्वैड्रन हो जाते हैं तो भी वह पाकिस्तान और चीन की ताकत का मुकाबला नहीं कर सकता।
एयरफोर्स चीफ कहते हैं कि भारतीय वायुसेना ने तेजस में काफी निवेश किया है।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी: अमित शाह ने कहा- महागठबंधन ढकोसला, 2019 में ये बेअसर रहेगा

नई दिल्ली. भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुरू हुई। पहले दिन 2019 लोकसभा चुनाव की रणनीति और मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा का फोकस दलितों पर रहेगा।
पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने दावा किया कि भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में 2014 से भी ज्यादा सीटें मिलेंगी। उन्होंने बैठक में अजेय भाजपा का नारा दिया। शाह ने कहा, ''महागठबंधन एक ढकोसला, भ्रांति और झूठ है। इसमें शामिल पार्टियां 2014 में भाजपा से हार चुकी हैं। गठबंधन बेअसर साबित होगा।''
रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण के मुताबिक, अमित शाह ने कहा, ''अविश्वास प्रस्ताव दो स्थितियों में लाया जाता है। सरकार बहुमत गंवा दे या सरकार जनता के लिए चिंता का विषय बन जाए। यहां ऐसी कोई परिस्थिति नहीं थी, तब भी विपक्ष इसे लेकर आया। यह उनकी हानिकारक राजनीति दर्शाता है।'' रोहिंग्या और एनआरसी के मुद्दे पर उन्होंने कहा, ''अगर अफगानिस्तान, पाकिस्तान या बांग्लादेश के हिंदू, सिख, बौद्ध, ईसाई या जैन शरणार्थी बनने के लिए संपर्क करेंगे तो उन्हें यह दर्जा देने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी।''
भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ा : अमित शाह के लोकसभा चुनाव तक पार्टी अध्यक्ष बने रहने का फैसला भी लिया गया। उनका कार्यकाल जनवरी में खत्म हो रहा है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अरुण जेटली, सुषमा स्वराज, सुरेश प्रभु भी बैठक में शामिल हुए। मोदी रविवार को पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे।

हितेश दादवाणी और
SBI Life Insurance की तरफ से
गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाए

SBI Life
INSURANCE
With Us, You're Sure

- General Insurance
- Life Insurance
- Child Education
- Retirement Planning
- Mutual Fund
- Home Loan
- Business Loan

A-408 4th FLOOR
DEVARSHI SHINE,
NEAR KAILASH ROYAL,
NANA CHILODA,
AHMEDABAD-382330

मो. 7600026137

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया